प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 18.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

2— बस्तर संभाग में ग्राम पंचायतों को नक्सल मुक्त करने के लिए सरकार इलवद पंचायत अभियान शुरू करेगी—उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विधानसभा में की घोषणा।

3— राज्य के विभिन्न जिलों में नियमितीकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

4— सुकमा जिले में आज तीन माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>मुख्यमंत्री—प्रधानमंत्री मुलाकात</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान श्री साय ने बस्तर के विकास का मास्टर प्लान प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें माओवाद प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल थी। प्रधानमंत्री ने इस पर राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की बढ़ती रुचि पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बस्तर की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के तीस मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा साझा की। अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री, राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

**<u>मुख्यमंत्री—केंद्रीय गृह मंत्री मुलाकात</u>**

अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य से माओवाद को पूरी तरह खत्म करने, बस्तर के विकास को तेज करने और पर्यटन तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। चर्चा में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को राज्य सरकार की नई पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार की नई आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का असर दिखने लगा है।

**<u>विस—इलवद मुक्त पंचायत अभियान</u>**

आज विधानसभा में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर संभाग में इलवद पंचायत अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा अपने विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए की। गृह मंत्री ने कहा कि यह अभियान पंचायत और गृह विभाग मिलकर चलाएंगे। मुख्य रूप से यह अभियान ग्राम पंचायतों को नक्सल मुक्त बनाने और वहां सुविधाओं का विकास करने के लिए शुरू किया जाएगा।

**विस–प्रश्नकाल**

_______राज्य विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सल उन्मूलन के लिए खर्च की गई राशि और उसके प्रावधान को लेकर जानकारी मांगी। जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार ने पांच सौ संतावन करोड़ रूपये प्रदान किए थे। जबकि, राज्य सरकार ने कुल नौ सौ अंठानवे करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च किए हैं।

विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने पुलिस भर्ती और भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की। इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में बिलासपुर जिले से दो और राजनांदगांव में एक शिकायत मिली है, जिस पर कार्रवाई की जा चुकी है।

**विस–बहिर्गमन**

आज विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा विधायक राजेश मूणत और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता सिविल के रिक्त पदों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक सौ अट्ठारह पदों के लिए विहित शैक्षणिक योग्यता तीन वर्षीय डिप्लोमा निर्धारित की गई, जिसके कारण सिविल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी इस पद के आवेदन से वंचित हो गए हैं। जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा निर्धारित की गई है और इसी के अनुरूप भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है।

कांग्रेस विधायकों ने उपमुख्यमंत्री से मांग की सिविल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी को भी उप अभियंता सिविल पद के लिए अनुमति दी जाए और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन किया जाए। इस पर श्री साव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता पद पर भर्ती प्रक्रिया का नियम से पालन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री के जवाब से कांग्रेस विधायक संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

ध्यानाकर्षण के जरिये आज कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश के कृषि सेवा केंद्रों में में कीटनाशक दवा बिक्री में अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अमानक दवा, बीज और जैविक खाद तय कीमत से अधिक दर पर बेचा जा रहा है। महासमुंद जिले के कीटनाशक दुकानों में शासन द्वारा बिना प्रिन्सिअल सर्टिफिकेट प्राप्त किए अधिकांश दुकानों में ऍमवे कंपनी की दवाएं खुलेआम बेची जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि नियम में संशोधन कर इन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई जाए। जबाब में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि महासमुंद जिले में ऍमवे कंपनी के कुछ उत्पादों कोकृषि आदान विक्रय केंद्रों में बिक्री के लिए प्रदर्शित करना पाया गया। ये उत्पाद अनुसूची में शामिल नहीं है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

**पंचायत सचिव–हड़ताल**

राज्य के विभिन्न जिलों में नियमितीकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इन सचिवों ने आज विधानसभा का घेराव करने की भी कोशिश की। साथ ही कई स्थानों पर धरना दिया। राज्य के सभी जिला और ब्लॉकों मुख्यालयों में पंचायत सचिवों ने कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है।

यह मामला आज विधानसभा में भी गूंजा। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने यह मुद्दा उठाया। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस संबंध में गठित समिति ने अब तक अपनी रिपोर्ट जमा नहीं की है।

**माओवादी आत्मसमर्पण**

सुकमा जिले में आज तीन माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से दो माओवादियों पर दो–दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। ये सभी माओवादी पामेड़ थाना क्षेत्र में सक्रिय थे। इन पर कई माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले अभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## पत्रकार हत्या–चार्जशीट

बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में पुलिस ने ठेकेदार सुरेश चंद्राकर सहित चार आरोपियों के खिलाफ आज न्यायालय में केस डायरी और बारह सौ इकतालीस पन्नों की चार्जशीट पेश की। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और विशेष जांच टीम के प्रभारी मयंक गुर्जर ने बताया कि चार्जशीट में सुरेश चंद्रकार को मास्टर माइंड बताया गया है।

## सीडी कांड–भूपेश बघेल

कथित सीडी कांड मामले में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ रिवीजन याचिका दायर की है। इस याचिका पर चार अप्रैल को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। कोर्ट द्वारा सभी पक्षों को समन जारी किया जा रहा है। सीबीआई ने बीते ग्यारह मार्च को रायपुर जिला न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए रिवीजन याचिका दाखिल की थी। सीबीआई ने याचिका में भूपेश बघेल को आरोपी बनाने की मांग की है और दावा किया है कि नए दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई है, जिससे इस मामले की सुनवाई जरूरी हो गई है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस दौरान युवा इकतीस मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में इक्कीस से चौबीस आयु वर्ग के एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह पहल बारह महीने की अवधि के लिए विभिन्न उद्योगों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से रूबरू कराएगी।

## ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के बैकुंठ–सिलियारी सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों को रद्द करने की घोषणा की गई थी, जिनमें से कुछ यात्री गाड़ियों का फिर से परिचालन किया जाएगा। जिन गाड़ियों का परिचालन कल उन्नीस मार्च को होगा, उनमें बिलासपुर–रायपुर–बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर–गेवरा रोड–बिलासपुर मेमु पैसेंजर शामिल हैं। वहीं, बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियों में झारसुगुड़ा–गोंदिया–झारसुगड़ा मेमू पैसेंजर का भी फिर से परिचालन किया जाएगा।

इस बीच, गर्मी के दौरान यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे द्वारा पटना–चर्लपल्लि–पटना के बीच बाईस फेरों के लिए कल सत्रह मार्च से स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

## मौसम

## मौसम का हाल–

प्रदेश के उत्तरी भाग में कल उन्नीस मार्च को वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि मध्य छत्तीसगढ़ में बीस और इक्कीस  मार्च, वहीं दक्षिण भाग में बाईस मार्च को वर्षा हो सकती है। इस दौरान जशपुर और उससे लगे जिलों में एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– रायपुर कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता मनोज ठाकुर को पांच साल सश्रम कारावास के साथ एक लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

– बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म–एक में यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन लगाई गई है। यात्री इस मशीन के जरिए स्नेक्स और पेय पदार्थ स्वयं खरीद सकेंगे।

– कोरबा जिले के कटघोरा इलाके में सूतर्रा–रापाखर्रा पुल के पास पुलिस ने एक वाहन की तलाशी के दौरान पांच सौ किलो गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

– रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज में बीती रात तालाब में डूबने से हाथी के एक बच्चे की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>